वारदात — दूसरी शादी का विरोध करने का खौफनाक अंजाम, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# पति ने की पत्नी की हत्या, शव जलाकर दफनाया



**अनूपपुर नवभारत 30 जनवरी।** जिले के थाना राजेन्द्रग्राम के जोगी नाला में 26 जनवरी को मिले नरकंकाल मामले में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने पत्रवार्ता कर खुलासा किया हैं। इस मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। बच्चा नहीं होने से नाराज पति ने पत्नी की हत्या कर शव जलाकर गड्ढे में दबा दिया था। आरोपी पति को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने बताया कि थाना राजेन्द्रग्राम में मिले नर कंकाल मामले में आरोपी रामकुमार उर्फ राजकुमार चंद्रवंशी अपनी पत्नी राजेश नंदिनी उर्फ सुरसा की हत्या कर दूसरी शादी करना चाहता था। शादी के कई साल बाद भी संतान नहीं होने की वजह से दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था।

### पत्नी को मायके से घर लाते समय घटना को दिया अंजाम

जब पति ने दूसरी शादी की बात की, तो पत्नी ने इसका कड़ा विरोध किया। इसी विवाद के चलते आरोपी ने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने का खौफनाक प्लान बनाया। वारदात वाले दिन आरोपी अपनी पत्नी को उसके मायके से घर ला रहा था। रास्ते में बरबसपुर के जोगी नाला के पास फिर से विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद आरोपी ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

### साक्ष्य मिटाने शव को जलाया

साक्ष्य मिटाने के लिए उसने शव को जलाया और नाले के पास गड्ढे में दबा दिया। 26 जनवरी को जब ग्रामीणों ने वहां हड्डियां, जले हुए कपड़े और बाल देखे, तब मामले का खुलासा हुआ। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हत्या बताई गई। जांच के दौरान मृतका के मायके वालों ने जबड़े के दांतों और अधजले कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान की।

### परिजनों ने पति पर शक जताया था

इसके बाद परिजनों ने पति पर शक जताया, जिसके बाद 29 जनवरी को पुलिस ने राजेन्द्रग्राम से उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती बरतने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से मृतका का मोबाइल फोन, आधार कार्ड और रेलवे टिकट बरामद कर लिया है।



# हिंदू समाज हिंदुत्व के लिए लड़े : सरवन

**राजनगर में हिंदू सम्मेलन आयोजित**

**राजनगर नवभारत 30 जनवरी।** आरएसएस संगठन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राजनगर प्रखंड में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के सभी हिंदू समाज के लोग शिव मंदिर जोड़ा तालाब के पास एकत्रित होकर वहां से कलश में जल भरकर मुख्य मार्ग होते हुए विवेकानंद विद्यालय पहुंचे।

इस दौरान रास्ते में जय श्री राम, भारत माता की जय, हर हर महादेव के नारे लगाते रहे। हिंदू सम्मेलन की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य वक्ता के रूप में सह प्रांत प्रचारक सरवन के साथ ईशा भारती और देवेंद्र शास्त्री मुख्य अतिथि रूप में मंचासीन रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज में हो रहा भेदभाव को खत्म करने के लिए यह हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। आज के इस युग में मिलजुल कर नहीं रहने से हिंदू समाज को आने वाले समय में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए आप सभी लोग हिंदुत्व के लिए लड़े और अपने देश को सर्वोपरि रखें। कार्यक्रम में विवेकानंद गवर्नमेंट स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संचालन अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# आज भी जिंदा है महात्मा गांधी के विचार

**शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया**




**अनूपपुर नवभारत 30 जनवरी।** जिले में सर्व सेवा संघ युवा प्रकोष्ठ, सहित मध्य प्रदेश गांधी स्मारक निधि, मध्य प्रदेश सर्वोदय मंडल, गांधी भवन न्यास, राष्ट्रीय युवा संगठन ने शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान संगोष्ठी, परिचर्चा, स्कूल-कॉलेज में प्रार्थना सभा, स्वच्छता अभियान, रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय में युवा प्रकोष्ठ सर्व सेवा संघ बैनर तले संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ जय जगत, जय जगत गीत एवं प्रार्थना से हुआ। इसमें मुख्य रूप से शहर के गांधी विचार को मानने वाले प्रमुख सर्वोदय कार्यकर्ता एवं प्रगतिशील इकाई के साथियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। सभी प्रमुखों ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह के विचार आज भी जिंदा है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान सर्वोदय कार्यकर्ता अनंत जौहरी शशि, अध्यक्ष प्रगतिसील लेखक संघ गिरीश पटेल, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका अनूपपुर, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, एड. बासु चटर्जी, संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष एड जनक राठौर, मुन्नी बाई, हीरालाल राठौर, लोक समिति से चंद्रशेखर सिंह, रजन राठौर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनूपपुर एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहें। संचालन श्रेया भूपेश शर्मा व आभार विवेक यादव ने किया।

## अभ्यास हेतु ग्राम पयारी फायरिंग रेंज घोषित

**अनूपपुर नवभारत।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली द्वारा आदेश जारी कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वार्षिक चांदमारी अभ्यास हेतु ग्राम पयारी (हनुमान मंदिर के पास) चौकी फुनगा थाना भालूमाड़ा में 31 जनवरी से 5 फरवरी तक के लिए फायरिंग रेंज घोषित किया गया है। उक्त अवधि में फायरिंग रेंज के 4 कि.मी. की परिधि में ग्राम के नागरिकों तथा अन्य स्थानों के नागरिकों एवं पशुओं का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# 7 पटवारियों को निलंबित करने के आदेश



**कलेक्टर ने कहा- 15 दिनों में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करें पूर्ण**

**अनूपपुर नवभारत 30 जनवरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पुष्पराजगढ़ के सभागार में पटवारियों की बैठक में फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण अनूपपुर जिला प्रदेश के निम्न प्रदर्शन वाले जिलों में शामिल हो गया है।

उन्होंने सभी पटवारियों को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य को सर्वाच्च प्राथमिकता देते हुए अभियान चलाकर आगामी 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। वहीं राजस्व प्रकरणों एवं फार्मर रजिस्ट्री में संतोषजनक प्रगति न करने तथा बैठक में बिना कारण अनुपस्थित रहने वाले 7 पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

### तकनीकी समस्याओं से कार्य हो रहा प्रभावित : पटवारी

कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समयबद्धता, गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति एवं समस्याओं की विस्तृत जानकारी पर पटवारियों ने बताया कि किसानों की ई-केवाईसी लंबित होना, आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होना तथा अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है।

### किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए करें प्रोत्साहित

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया जाए तथा उन्हें बताया जाए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक है। फार्मर आईडी बनने के पश्चात पात्र किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकेंगे।

## एक नजर में



### श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**नवभारत,जबलपुर।** विजय नगर स्थित चंद्रशेखर गार्डन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का पांचवां दिन श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावपूर्ण रहा। कथावाचक पंडित सुरेन्द्र आनंद ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और छप्पन भोग का मनोहारी वर्णन किया, जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर चैतन्यानंद महाराज शंकराचार्य मठ से उपस्थित होकर भक्तों को आशीर्वचन दिए। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे ने कथा पीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में श्रद्धालुओं ने गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। इस दौरान देवेन्द्र कुमार पचौरी, अर्चना पचौरी, नीता पांडे, सुमन शर्मा, मनोहर सिंह ठाकुर, उत्कर्षा सोनी, रति बाई ठाकुर, आकाश राज यादव, सीमा साहू, सुनीता पचौरी सहित कई अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 105 महिलाओं को नि :शुल्क गैस कनेक्शन वितरित

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 105 महिला परिवारों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए। यह कार्यक्रम पार्षद अंजू अनीता जाट (गोलू) के कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ़ झलकी। कार्यक्रम का आयोजन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं पूर्व नगर अध्यक्ष जी.एस. ठाकुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जाट समाज के पंच-सरपंच, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, मातृशक्ति, एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व पार्षद सतवीर जाट गोलू, डीएनटी राष्ट्रीय महासचिव (दिल्ली) का विशेष योगदान रहा।

### यादव महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के मार्गदर्शन में जबलपुर शाखा में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह इंडियन कॉफी हाउस, घंटाघर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। संभाग अध्यक्ष विजय यादव ने संगठन को हर स्तर पर सुदृढ़ बनाने के लिए मासिक ग्रामीण और वार्ड स्तरीय बैठकों का आयोजन करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़ड़ा ने बताया कि महासभा इस वर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भी करेगी, जिसमें समाज के युवाओं के विवाह के साथ अन्य समाजों के योग्य युवक- युवतियों के विवाह भी शामिल होंगे। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज यादव ने समाज में फैली कुरीतियों जैसे बाल विवाह और अनावश्यक मृत्यु भोज को समाप्त करने पर जोर दिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, संभाग अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़ड़ा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज यादव, शहर अध्यक्ष कीर्ति राजू यादव, शहर युवा अध्यक्ष राहुल यादव, ग्रामीण युवा अध्यक्ष संजू यादव, महिला प्रदेश सचिव कंचन यादव और कविता यादव, जिला ग्रामीण महिला अध्यक्ष रश्मि यादव, शहर महिला अध्यक्ष सविता यादव शामिल थे। सैकड़ों समाजजन और वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# हेलमेट पहनाकर दिया सुरक्षित यातायात का संदेश

**कलेक्टर व एसपी ने किया नि :शुल्क हेलमेट वितरण व वृक्षारोपण**



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ''सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा'' थीम पर थाना बरगी क्षेत्र के बहोरीपार टोल नाके पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की विशेष उपस्थिति रही। एनएचएआई के सहयोग से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को 25 नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए गए तथा अधिकारियों ने स्वयं हेलमेट पहनाकर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया। साथ ही हेलमेट न पहनने से होने वाली दुर्घटनाओं व मृत्यु की गंभीरता से नागरिकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में एसडीएम अभिषेक सिंह, तहसीलदार सुश्री पूर्णिमा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष शुक्ला, थाना प्रभारी बरगी नीलेश दोहरे, एनएचएआई एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सहित लगभग 100 नागरिक उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान शिविर में मिले हितग्राहियों को लाभ

**नवभारत, जबलपुर।** म.प्र. शासन द्वारा लगातार जरूरतमंदों के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में शासन ने प्रदेशभर में संकल्प से समाधान अभियान का भी शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा संभागवार एवं वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लगातार हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत संभाग क्रमांक 2 कछपुरा कार्यालय के मदन महल वार्ड के अंतर्गत वार्ड पार्षद कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें सभी आवेदकों को योजनाओं, स्वास्थ्य, एन.यू.एल.ए विभाग के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं के आवेदन पत्र लेकर स्वीकृति प्रदान की गयी तथा हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।




# बच्चों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

**ट्रैफिक पार्क बना यातायात शिक्षा का केंद्र**

**अनूपपुर नवभारत 30 जनवरी।** यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पार्क अनूपपुर में स्कूली बच्चों का लगातार आगमन हो रहा है। इसी कड़ी में आज जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम ट्रैफिक पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों की बारीक जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी।

जिला परिवहन अधिकारी ने बच्चों को सड़क संकेतों, ट्रैफिक सिग्नल, पैदल यात्रियों के नियम, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि बचपन में सीखी गई यातायात की समझ जीवन भर सुरक्षित रहने में मदद करती है। इस दौरान ट्रैफिक पार्क में बनाए गए मॉडल रोड, सिग्नल सिस्टम और चिन्हों के माध्यम से बच्चों को वास्तविक परिस्थितियों का अनुभव कराया गया, जिससे वे नियमों को आसानी से समझ सकें। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और गतिविधियों में भाग लिया।

# स्वच्छता अभियान को करें आत्मसात : सिंह

**महात्मा गांधी की पुण्य तिथि बिजुरी में मनाई गई**

**बिजुरी नवभारत 30 जनवरी।** एसईसीएल के हसदेव क्षेत्र के इंटक कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर बिजुरी नगर के कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्मरण किया।

इस अवसर पर बिजुरी नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने गांधी को स्मरण करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। विक्रमा सिंह ने कहा कि गांधी के चिंतन के कारण सरकार ने देश के मजदूरों को कई अधिकार दिए। इस अवसर पर शिवबाबू शुक्ला, अरुणेंद्र प्रताप सिंह, विक्रमा सिंह, बालेंद्र सिंह परिहार, विनय शुक्ला, अशोक तिवारी, फुलचंद विश्वकर्मा, रमेश द्विवेदी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, प्रकाश रज्जक सोनू बंसल, छोटेलाल प्रजापति, तेजभान सिंह परिहार, विश्वनाथ सिंह मरावी, फिरोज खान आदि उपस्थित रहे।




समापन — एसडीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# रोमांचक मैच में सुपर स्ट्राइकर किंग की टीम बनी चैम्पियन




**जमुना-कोतमा नवभारत 30 जनवरी।** शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की स्मृति में आयोजित एसडीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया, जिसमें सुपर स्ट्राइकर किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संदेश इलेवन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच 12-12 ओवरों का खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर स्ट्राइकर किंग की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर 78 रन बनाए और संदेश इलेवन को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संदेश इलेवन की टीम मात्र 60 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार सुपर स्ट्राइकर किंग ने 18 रन से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया

### इनकी रही उपस्थिति

फाइनल मुकाबले के अवसर पर नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. मनोज कुमार, धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू, लाल बहादुर जायसवाल, उमाशंकर सिंह, डीके सिंह, अजय यादव, संतोष चौरसिया, अजय ताराचंद यादव, सुनील सिंह, मोनू जायसवाल तथा मनोज सिंह उपस्थित रहे।

### टूर्नामेंट से भाईचारा होता है मजबूत : सिंह

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राम अवध सिंह ने कहा कि शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देता है, बल्कि युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि नगर पालिका परिषद द्वारा स्वर्गीय शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) के नाम पर एक भवन का निर्माण किया जाएगा, ताकि उनकी स्मृति को स्थायी रूप से संजोया जा सके।